Which of these statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 4 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 4

70. If the cross-section of a nozzle is decreasing in the direction of flow in subsonic flow, then what will happen in the downward direction ?

(a) Pressure will decrease and velocity increase

(b) Velocity will decrease and pressure increase

(c) Both pressure and velocity increase

(d) Both pressure and velocity decrease

71. At engine inlet of a supersonic aircraft, a diffuser is provided to decrease the velocity of air from supersonic to subsonic. What is the type of diffuser ?

(a) Diverging duct

(b) Converging duct

(c) Diverging (inlet), converging (outlet) duct

(d) Converging (inlet), diverging (outlet) duct

72. Consider the following statements :

1. Induced draught fan is used to handle exhaust flue gases.
2. For maximum discharge, height of chimney should be higher than the height of hot gas column producing draught.
3. Air preheater heats the primary air and secondary air.
4. In big power plants draught is created by induced draught fans.
5. Blow-cock is used to empty the boiler.

Which of these statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 3, 4 and 5

(d) 1, 2, 3 and 4

66. निम्नलिखित में से कौनसा एक, ब्रेयटन चक्र का अभिलक्षण दर्शाता है ?

(a) समदाबी ऊष्मा संकलन

(b) समतापी ऊष्मा मोचन

(c) सम-आयतन ऊष्मा संकलन

(d) समतापी ऊष्मा संकलन

67. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही है ?

गैस टरबाइनों में उच्च वायु-ईंधन अनुपात

(a) शक्ति-निर्गम को बढ़ाता है ।

(b) तापीय दक्षता को सुधारता है ।

(c) रेचन-गैस-ताप को कम करता है ।

(d) टरबाइन ब्लेडों को क्षति नहीं पहुँचाता है ।

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

तुंड दक्षता निर्भर करती है

1. तुंड के पदार्थ पर ।
2. तुंड के आमाप तथा आकृति पर ।
3. प्रवाह के माख अंक पर ।
4. प्रवाह के रेनॉल्ड्स अंक पर ।

इनमें से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) 1, 2 और 4

(d) 2, 3 और 4

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

तुंड प्रवाह में अतिसंतृप्तन के कारण

1. भाप के शुष्कतांश में कमी आती है ।
2. तुंड घर्षण में बढ़ोतरी होती है ।
3. भाप के द्रव्यमान प्रवाह में बढ़ोतरी होती है ।
4. निर्गम वेग में वृद्धि होती है ।

इनमें से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 4

70. अवध्वानिक प्रवाह में, यदि तुंड का अनुप्रस्थ-परिच्छेद प्रवाह की दिशा में कम हो रहा हो, तब अधोवर्ती दिशा में क्या होगा ?

(a) दाब में कमी तथा वेग में वृद्धि होगी

(b) वेग में कमी तथा दाब में वृद्धि होगी.

(c) दाब तथा वेग दोनों में वृद्धि होगी

(d) दाब तथा वेग दोनों में कमी होगी

71. अतिध्वानिक वायुयान के इंजन अंतर्गम पर, वायु वेग को अतिध्वानिक से कम करके अवध्वानिक बनाने के लिए विसारक लगाया जाता है । विसारक किस प्ररूप का है ?

(a) अपसारी वाहिका

(b) अभिसारी वाहिका

(c) अपसारी (अंतर्गम), अभिसारी (निर्गम) वाहिका

(d) अभिसारी (अंतर्गम), अपसारी (निर्गम) वाहिका

72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रेरित प्रवाह पंखा का उपयोग रेचन फ्लू गैसों के संचालन के लिए होता है ।
2. अधिकतम निस्सरण के लिए चिमनी की ऊँचाई प्रवात उत्पन्न करने वाले तप्त गैस स्तंभ की ऊँचाई से अधिक होनी चाहिए ।
3. वायु पूर्व-तापक प्राथमिक वायु तथा द्वितीयक वायु का तापन करता है ।
4. बड़े शक्ति संयंत्रों में प्रेरित प्रवात पंखों द्वारा प्रवात उत्पन्न किया जाता है ।
5. बॉयलर को खाली करने के लिए अपधमन टोंटी प्रयोग की जाती है ।

इनमें से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 3, 4 और 5

(d) 1, 2, 3 और 4

**73.** In steam generators, a stoker acts as one of the following devices. What is this device ?

(a) Air preheating device

(b) Steam superheating device

(c) Air superheating device

(d) Fuel feeding device

**74.** Which one of the following defines the degree of reaction for steam turbines ?

(a) $\frac{\Delta h_f}{\Delta h_m}$

(b) $\frac{\Delta h_m}{\Delta h_f}$

(c) $\frac{\Delta h_m}{\Delta h_m + \Delta h_f}$

(d) $\frac{\Delta h_f}{\Delta h_f + \Delta h_m}$

**75.** Which of the following components improves the plant efficiency ?

1. Economizer

2. Air preheater

3. Condenser

4. Forced draught fan

Select the correct answer from the codes given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1, 2 and 4

**76.** Consider the following statements with respect to Deriaz Turbine :

1. It is intermediate between the mixed flow and the axial flow turbine.

2. It is known as Diagonal turbine.

3. It can be used as turbine as well as pump.

Which of these statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**77.** Which one of the following statements is correct ?

The centrifugal pump will start delivering water if the pressure rise in the impeller is

(a) less than manometric head ($H_m$).

(b) more than or equal to manometric head ($H_m$).

(c) less than suction head ($H_s$).

(d) more than or equal to suction head ($H_s$).

**78.** A turbine is to operate under a head of 25 m at 200 rpm. The discharge is 9 $m^3$/s. If the efficiency is 90%, then which one of the following turbines is suitable ?

(a) Francis turbine

(b) Pelton turbine

(c) Kaplan turbine

(d) Deriaz turbine

**79.** What is known for an open waterway excavated in natural ground following its contour ?

(a) Panels

(b) Flume

(c) Canal

(d) Tunnel

73. भाप जनित्रों में, स्टोकर निम्नलिखित युक्ति के रूप में कार्य करता है । यह युक्ति कौनसी है ?

(a) वायु पूर्वतापन युक्ति

(b) भाप अतितापन युक्ति

(c) वायु अतितापन युक्ति

(d) ईंधन प्रभरण युक्ति

74. भाप टरबाइनों की अभिक्रिया कोटि निम्नलिखित में से किस एक के द्वारा परिभाषित होती है ?

(a) $\frac{\Delta h_f}{\Delta h_m}$

(b) $\frac{\Delta h_m}{\Delta h_f}$

(c) $\frac{\Delta h_m}{\Delta h_m + \Delta h_f}$

(d) $\frac{\Delta h_f}{\Delta h_f + \Delta h_m}$

75. निम्नलिखित में से कौनसे अवयव संयंत्र की दक्षता सुधारते हैं ?

1. मितव्ययित्र
2. वायु पूर्व-तापक
3. संघनित्र
4. बलकृत प्रवात पंखा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) 1, 2 और 4

76. डेरियाज़ टरबाइन से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह मिश्रित प्रवाह तथा अक्षीय प्रवाह वाली टरबाइन के बीच की टरबाइन है ।
2. इसको विकर्ण टरबाइन कहते हैं ।
3. इसको टरबाइन के साथ-साथ पंप के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है ।

इनमें से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

77. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही है ?

अपकेंद्री पंप जल देना आरंभ कर देगा यदि प्रणोदक में दाब वृद्धि

(a) दाबांतरीय दाबोच्चता ($H_m$) से कम हो ।

(b) दाबांतरीय दाबोच्चता ($H_m$) से अधिक या उसके बराबर हो ।

(c) चूषण दाबोच्चता ($H_s$) से कम हो ।

(d) चूषण दाबोच्चता ($H_s$) से अधिक या उसके बराबर हो ।

78. एक टरबाइन का प्रचालन 25 m दाबोच्चता पर 200 rpm से किया जाना है । निस्सरण 9 $m^3/s$ है । यदि दक्षता 90% हो, तब निम्नलिखित में से कौनसी एक टरबाइन उपयुक्त है ?

(a) फ्रैंसिस टरबाइन

(b) पेल्टन टरबाइन

(c) कैप्लान टरबाइन

(d) डेरियाज़ टरबाइन

79. प्राकृतिक भूमि में उसकी समोच्चता के अनुसार खोदे गए खुले जलमार्ग को क्या कहते हैं ?

(a) भागक

(b) अवनालिका

(c) नहर

(d) सुरंग

80. Which one of the following equations is correct for the heterogeneous thermal reactor ?

(a) Rate of neutron production = Rate of neutron leakage – Rate of neutron absorption

(b) Rate of neutron production = Rate of neutron absorption – Rate of neutron leakage

(c) Rate of neutron production = Rate of neutron leakage + Rate of neutron absorption

(d) Rate of neutron production = Rate of neutron absorption ÷ Rate of neutron leakage

81. In a nuclear reactor, what is the purpose of control rod ?

(a) To reduce the speed of fast moving neutrons

(b) To absorb excess neutrons in the reactor

(c) To control fission temperature

(d) To control emission of Beta and Gamma rays

82. In which one of the following equipments used in vapour absorption refrigeration system, is the final separation of water vapour from ammonia executed by further cooling ?

(a) Heat exchanger

(b) Rectifier

(c) Analyzer

(d) Generator

83. A two-stage compressor compresses air with perfect inter cooling and same index of compression for both cylinders. Which one of the following is the correct expression for minimum work done ? (With usual notations)

(a) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_3}{p_2} \right)^{\frac{n-1}{2n}} - 1 \right]$

(b) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_2}{p_3} \right)^{\frac{n-1}{2n}} - 1 \right]$

(c) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_3}{p_1} \right)^{\frac{n-1}{n}} - 1 \right]$

(d) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_3}{p_1} \right)^{\frac{n-1}{2n}} - 1 \right]$

84. A vapour compression refrigerator has a COP of 3, if the work absorbed by the compressor is 25 kW. What would be the amount of heat rejection in the condenser ?

(a) 25 kW

(b) 50 kW

(c) 75 kW

(d) 100 kW

80. विषमांगी तापीय रिऐक्टर के लिए निम्नलिखित में से कौनसा एक समीकरण सही है ?

(a) न्यूट्रॉन उत्पादन दर = न्यूट्रॉन क्षरण दर − न्यूट्रॉन अवशोषण दर

(b) न्यूट्रॉन उत्पादन दर = न्यूट्रॉन अवशोषण दर − न्यूट्रॉन क्षरण दर

(c) न्यूट्रॉन उत्पादन दर = न्यूट्रॉन क्षरण दर + न्यूट्रॉन अवशोषण दर

(d) न्यूट्रॉन उत्पादन दर = न्यूट्रॉन अवशोषण दर ÷ न्यूट्रॉन क्षरण दर

81. नाभिकीय रिऐक्टर में, नियंत्रण छड़ का क्या प्रयोजन है ?

(a) उच्च गति से चलायमान न्यूट्रॉनों की चाल को कम करना

(b) रिऐक्टर में आधिक्य न्यूट्रॉनों को अवशोषित करना

(c) विखंडन ताप का नियंत्रण करना

(d) बीटा तथा गामा किरणों का उत्सर्जन नियंत्रण करना

82. वाष्प अवशोषी प्रशीतन तंत्र में प्रयुक्त निम्नलिखित में से कौनसे एक उपस्कर में, अमोनिया से जल वाष्प का अंतिम पृथक्करण, और अधिक शीतलन द्वारा संपन्न होता है ?

(a) ऊष्मा विनिमयित्र

(b) परिशोधक

(c) विश्लेषक

(d) जनित्र

83. एक द्विपद संपीडित्र वायु को, पूर्ण अंतराशीतलन से और दोनों सिलिंडरों में एकसमान संपीडन सूचकांक से, संपीडित करता है । निम्नलिखित में से कौनसा एक न्यूनतम संपन्न कार्य के लिए सही व्यंजक है ? (संकेताक्षरों का सामान्य अर्थ है)

(a) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_3}{p_2} \right)^{\frac{n-1}{2n}} - 1 \right]$

(b) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_2}{p_3} \right)^{\frac{n-1}{2n}} - 1 \right]$

(c) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_3}{p_1} \right)^{\frac{n-1}{n}} - 1 \right]$

(d) $W = \frac{2n}{n-1} mRT_1 \left[ \left( \frac{p_3}{p_1} \right)^{\frac{n-1}{2n}} - 1 \right]$

84. एक वाष्प संपीडन प्रशीतित्र का निष्पादन गुणांक (COP) 3 है, यदि संपीडित्र द्वारा अवशोषित कार्य 25 kW है । संघनित्र में ऊष्मा परित्याग मात्रा कितनी होगी ?


(a) 25 kW

(b) 50 kW

(c) 75 kW

(d) 100 kW

85.




A vapour compression refrigeration cycle is as shown in the pressure – enthalpy diagram above. What will be its COP ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

86. High condenser pressure in a refrigeration system can occur due to which of the following reasons ?

1. Cooling tower is inefficient or the water flow rate is less than the designed value.
2. Non-condensable gases are present in the system.
3. Accumulation of lubrication oil in the condenser.
4. Low charge of refrigerant in the system.

Select the correct answer from the codes given below :

(a) 2 only

(b) 1 or 2 or 3

(c) 1 or 2 or 4

(d) 2 or 3 or 4

87. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Refrigerant)* | *List II (Colour)* |
|---|---|
| A. Ammonia | 1. Purple |
| B. Freon 12 | 2. Green |
| C. Freon 22 | 3. Light blue |
| D. Methyl chloride | 4. White |
| | 5. Orange |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 5 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 5 |


88. Which one of the following refrigeration systems uses oil separator operating at – 10° C ?

(a) System using $NH_3$

(b) System using R-12

(c) System using R-22

(d) System using R-502

85. 


ऊपर दाब – एन्थैल्पी आरेख में एक वाष्प संपीडन प्रशीतन चक्र को दिखाया गया है । इसका निष्पादन गुणांक (COP) कितना है ?

(a) 3

(b) 4

(c) 5

(d) 6

86. किसी प्रशीतन तंत्र में उच्च संघनित्र दाब निम्नलिखित में से किन कारणों से होता है ?

1. शीतलन मीनार की दक्षता कम है अथवा जल प्रवाह दर अभिकल्पित मान से कम है ।

2. तंत्र में असंघनीय गैसें विद्यमान हैं ।

3. संघनित्र में स्नेहन तेल का एकत्र होना ।

4. तंत्र में प्रशीतक का कम आवेश होना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2

(b) 1 या 2 या 3

(c) 1 या 2 या 4

(d) 2 या 3 या 4

87. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (प्रशीतक) | | सूची II (वर्ण) |
|---|---|---|---|
| A. | अमोनिया | 1. | बैंगनी |
| B. | फ्रीऑन 12 | 2. | हरा |
| C. | फ्रीऑन 22 | 3. | हल्का नीला |
| D. | मेथिल क्लोराइड | 4. | श्वेत |
| | | 5. | नारंगी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 5 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 5 |

88. निम्नलिखित में से कौनसे एक प्रशीतन तंत्र में –10° C पर प्रचालित तेल पृथक्कारी प्रयोग होता है ?

(a) $NH_3$ प्रयोजी तंत्र

(b) R-12 प्रयोजी तंत्र

(c) R-22 प्रयोजी तंत्र

(d) R-502 प्रयोजी तंत्र

89. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Designation of refrigerant)* | *List II (Chemical formula & name)* |
|---|---|
| A. R-11 | 1. $SO_2$ – Sulphur Dioxide |
| B. R-12 | 2. $CHF_2Cl$ – Difluoro Monochloro Methane |
| C. R-22 | 3. $CF_2Cl_2$ – Difluoro Dichloro Methane |
| D. R-764 | 4. $CFCl_3$ – Monofluoro Trichloro Methane |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

90. In winter comfort air conditioning, the following changes may take place :

1. Temperature and humidity ratio both rise.
2. The final relative humidity can be lower or higher than the initial value.
3. Both dry bulb and wet bulb temperatures will increase.

Which of these statements is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

91. The barometer pressure is 1·03 bar, the partial pressure of air is 1 bar, and the saturation partial pressure of water vapour at the same dry bulb temperature is 0·05 bar. What is the relative humidity ?

(a) 5%

(b) 50%

(c) 60%

(d) 97%

92. Moist air is a mixture of air and water vapour. Hence three independent thermodynamic properties are required to fix its thermodynamic state. Psychrometric chart however uses only two thermodynamic properties to fix the state. What is the reason ?

(a) Psychrometric chart is an approximation to actual properties.

(b) Psychrometric chart assumes that water vapour and air behave like perfect gases.

(c) Psychrometric chart is drawn for fixed atmospheric pressure.

(d) Psychrometric chart does not consider thermodynamic equilibrium states.

93. Consider the following statements :

In measurement with a wet bulb thermometer

1. The wet bulb depression is an index of relative humidity.
2. The thermometer bulb should be wrapped by moist cloth and it is necessary to dip the end of the cloth in water.
3. Air is to flow at sufficiently low velocity past the thermometer bulb.
4. Dry bulb temperature will be equal to the wet bulb temperature when the air is completely dry.

Which of these statements is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 1 only

**89.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (प्रशीतक का सांकेतिक नाम)* | | *सूची II (रासायनिक सूत्र तथा नाम)* |
|---|---|---|
| A. R-11 | 1. | $SO_2$ – सल्फर डाइऑक्साइड |
| B. R-12 | 2. | $CHF_2Cl$ – डाइफ्लुओरो-मोनोक्लोरो मीथेन |
| C. R-22 | 3. | $CF_2Cl_2$ – डाइफ्लुओरो-डाइक्लोरो मीथेन |
| D. R-764 | 4. | $CFCl_3$ – मोनोफ्लुओरो-ट्राइक्लोरो मीथेन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**90.** जाड़ों में सुखद वातानुकूलन के लिए निम्नलिखित परिवर्तन हो सकते हैं :

1. ताप और आर्द्रता अनुपात दोनों बढ़ जाएँ ।
2. अंतिम सापेक्ष आर्द्रता आरंभिक मान से न्यूनतम या उच्चतर हो सकती है ।
3. शुष्क बल्ब तापमान और आर्द्र बल्ब तापमान दोनों में वृद्धि होगी ।

इनमें से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

**91.** बैरोमीटरी दाब 1·03 bar है, वायु का आंशिक दाब 1 bar है और जल वाष्प का उसी शुष्क बल्ब तापमान पर संतृप्तन आंशिक दाब 0·05 bar है । सापेक्ष आर्द्रता कितनी है ?

(a) 5%
(b) 50%
(c) 60%
(d) 97%

**92.** नम वायु, जल वाष्प और वायु का मिश्रण होती है । अतः उसकी ऊष्मागतिक अवस्था सुनिश्चित करने के लिए तीन स्वतंत्र ऊष्मागतिक गुणधर्मों की आवश्यकता होती है । तथापि साइक्रोमीट्री चार्ट में उसकी अवस्था केवल दो ऊष्मागतिक गुणधर्मों से सुनिश्चित हो जाती है । इसका क्या कारण है ?

(a) साइक्रोमीट्री चार्ट वास्तविक गुणधर्मों का सन्निकटन होता है ।
(b) साइक्रोमीट्री चार्ट में यह माना जाता है कि जल वाष्प तथा वायु आदर्श गैस जैसा व्यवहार करते हैं ।
(c) साइक्रोमीट्री चार्ट एक नियत वायुमंडलीय दाब के लिए बनाए जाते हैं ।
(d) साइक्रोमीट्री चार्ट में ऊष्मागतिक साम्यावस्थाओं पर विचार नहीं किया जाता है ।

**93.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :


आर्द्र बल्ब तापमापी से मापन में

1. आर्द्र बल्ब अवनमन, आपेक्षिक आर्द्रता का एक सूचकांक है ।
2. तापमापी बल्ब को नम कपड़े से लपेटा जाना चाहिए तथा कपड़े का सिरा पानी में डूबा रहना आवश्यक होता है ।
3. तापमापी के बल्ब पर से वायु का प्रवाह पर्याप्त कम वेग से हो ।
4. जब वायु पूर्णतः शुष्क हो तब शुष्क बल्ब तापमान आर्द्र बल्ब तापमान के बराबर होगा ।

इन कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) केवल 1

**94.**




What does the line AB as shown on the psychrometric chart represent ?

(a) Sensible cooling with moisture addition

(b) Sensible heating with dehumidification

(c) Sensible cooling with moisture removal

(d) Sensible heating with moisture addition

**95.** Consider the following statements :

1. Effective temperature is an empirical index of warmth that takes into account the effect of temperature, humidity and air movement.
2. Effective temperature is not a true comfort index as it does not consider the radiation effect of surrounding surfaces.
3. It is the best comfort index for still air condition with 30% to 70% relative humidity.

Which of these statements is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

**96.** The supply air temperature is 15° C and apparatus dew point is 12° C for the cooling coil with bypass factor of 0·15. What is the temperature at inlet of cooling coil ?

(a) 32° C

(b) 15·53° C

(c) 14·45° C

(d) 12·45° C

**97.** Consider the following statements :

Indoor design conditions for air-conditioning system for energy conservation are

1. The lowest condition of temperature, relative humidity and maximum air velocity are 20° C, 25% and 10 m/min respectively.
2. The maximum condition in summer is 25° C, 55% and 15 m/min.
3. When the building is not occupied during night, the temperature may be lowered in winter and increased in summer.

Which of these statements is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

**98.** What is the centre of buoyancy ?

(a) The point of intersection of the buoyant force and the centre line of the body

(b) Centre of gravity of the body

(c) Centroid of displaced volume of fluid

(d) Midpoint between C.G. and metacentre

**99.** A cube with 1·0 m sides and of specific gravity 2·26 is placed vertically upright in a tank which contains water over mercury of specific gravity 13·6. Which one of the following is correct ?


(a) It will float at free surface of water

(b) It will sink to the bottom of tank

(c) 0·1 m of its height will be dipped in mercury

(d) 0·9 m of its height will be dipped in mercury

**94.**




साइक्रोमीट्री चार्ट में दिखाई गई रेखा AB क्या निरूपित करती है ?

(a) नमी संकलन सहित संवेद्यशीतन

(b) निरार्द्रीकरण सहित संवेद्यतापन

(c) नमी निष्कासन सहित संवेद्यशीतन

(d) नमी संकलन सहित संवेद्यतापन

**95.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रभावी ताप कोष्णता का एक आनुभविक सूचकांक है जो ताप, आर्द्रता तथा वायु गति के प्रभाव को संज्ञान में लेता है ।
2. प्रभावी ताप एक सही सुखद सूचकांक नहीं है क्योंकि यह परिवेशी सतहों के विकिरण प्रभाव को संज्ञान में नहीं लेता है ।
3. शान्त वायु स्थिति के लिए 30% से 70% आपेक्षिक आर्द्रता होने पर यह एक सर्वोत्तम सुखद सूचकांक है ।

इनमें से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

**96.** प्रदाय वायु ताप 15° C है तथा उपस्कर ओसांक 12° C है उस शीतन कुंडली के लिए, जिसका उपमार्ग गुणक 0·15 है । शीतन कुंडली के निवेश पर ताप कितना है ?

(a) 32° C

(b) 15·53° C

(c) 14·45° C

(d) 12·45° C

**97.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

ऊर्जा संरक्षण के लिए वातानुकूलन तंत्र में अंतर्वर्ती अभिकल्प परिस्थितियाँ हैं :

1. ताप की निम्नतम स्थिति, आपेक्षिक आर्द्रता और अधिकतम वायु वेग क्रमशः 20° C, 25% तथा 10 m/min हैं ।
2. ग्रीष्मकाल में अधिकतम स्थिति 25° C, 55% तथा 15 m/min है ।
3. रात्रि में जब भवन खाली रहता है, शीतकाल में ताप कम और ग्रीष्म काल में अधिक हो सकता है ।

इनमें से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

**98.** उत्प्लावकता केन्द्र क्या है ?

(a) पिंड की केंद्र रेखा तथा उत्प्लावक बल का प्रतिच्छेदन बिन्दु

(b) पिंड का गुरुत्व केंद्र

(c) विस्थापित तरल के आयतन का केन्द्रक

(d) गुरुत्व केन्द्र तथा आप्लव केन्द्र का मध्य बिन्दु

**99.** एक 1·0 m भुजा वाले घन को जिसका विशिष्ट घनत्व 2·26 है, एक कुंड में, जिसमें पारद के, जिसका विशिष्ट घनत्व 13·6 है, ऊपर जल भरा है, ऊर्ध्वाधर सीधा रखा गया है । निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है ?

(a) वह मुक्त जल पृष्ठ पर तैरेगा

(b) वह कुंड की तली में डूब जाएगा

(c) उसकी 0·1 m ऊँचाई पारद में निमज्ज हो जाएगी

(d) उसकी 0·9 m ऊँचाई पारद में निमज्ज हो जाएगी

**100.** The velocity field in a fluid is given by $V = (3x + 2y)\,i + (2z + 3x^2)\,j + (2t - 3z)$. What is the velocity at time t = 2s at (0, 0, 2) ?

(a) 2·25 units/s

(b) 3·25 units/s

(c) 4·01 units/s

(d) 4·47 units/s

**101.** For an irrotational flow the equation is

$$\frac{\partial^2 \phi}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 \phi}{\partial y^2} = 0$$

What is the name of the equation ?

(a) Bernoulli's equation

(b) Reynolds equation

(c) Cauchy Riemann's equation

(d) Laplace equation

**102.** On which one of the following is the Euler's equation of motion based ?

(a) Mass conservation

(b) Energy conservation

(c) Momentum conservation

(d) Total head conservation

**103.** The vertically upward jet of water 7·5 cm in diameter issuing from a nozzle with a velocity of 9 m/s strikes the normal to a flat circular plate of mass 30 kg and diameter 50 cm and supports it. What would be the vertical distance above the nozzle where the plate is held in equilibrium ?

(a) 50 cm

(b) 15 cm

(c) 73 cm

(d) 33 cm

**104.** What would be the momentum correction factor when the velocity distribution is uniform over a cross-section ?

(a) 0

(b) 1

(c) 2

(d) 3

**105.** The rate of flow through V-notch is proportional to which one of the following ?

(a) H

(b) $H^{\frac{1}{2}}$

(c) $H^{\frac{3}{2}}$

(d) $H^{\frac{5}{2}}$

**106.** Which one of the following is correct ?

Minor losses through valves, fittings, bends, contractions etc. are commonly modelled as proportional to

(a) Total head

(b) Static head

(c) Velocity head

(d) Dynamic head

**107.** Which one of the following statements is correct ?

Intensity of turbulence is

(a) the frequency of turbulent fluctuations.

(b) the violence of turbulent fluctuations and is measured by the root mean square value of velocity fluctuations.

(c) the mean time interval between reversals in the sign of velocity fluctuation.

(d) random movement of molecules.

**100.** किसी तरल में वेग क्षेत्र दिया गया है

$V = (3x + 2y)\,i + (2z + 3x^2)\,j + (2t - 3z).$

(0, 0, 2) पर समय $t = 2s$ के बाद वेग कितना है ?

(a) 2·25 units/s

(b) 3·25 units/s

(c) 4·01 units/s

(d) 4·47 units/s

**101.** एक अघूर्णी प्रवाह के लिए समीकरण है

$$\frac{\partial^2 \phi}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 \phi}{\partial y^2} = 0$$

इस समीकरण का क्या नाम है ?

(a) बर्नूली समीकरण

(b) रेनॉल्ड्स समीकरण

(c) कॉशी रीमैन का समीकरण

(d) लाप्लास समीकरण

**102.** निम्नलिखित में से किस एक पर ऑयलर का गति समीकरण आधारित है ?

(a) द्रव्यमान संरक्षण

(b) ऊर्जा संरक्षण

(c) संवेग संरक्षण

(d) सकल दाबोच्चता संरक्षण

**103.** एक ऊर्ध्वाधर जल प्रधार जिसका व्यास 7·5 cm है, 9 m/s के वेग से एक तुंड से निकल रहा है तथा वह एक सपाट वृत्ताकार पट्टिका पर जिसका द्रव्यमान 30 kg तथा व्यास 50 cm है लंबवत् टकराता है तथा उसे आलंबित रखता है । तुंड से पट्टिका की ऊर्ध्वाधर दूरी क्या होगी जहाँ वह पट्टिका साम्यावस्था में बनी रहती है ?

(a) 50 cm

(b) 15 cm

(c) 73 cm

(d) 33 cm

**104.** यदि किसी अनुप्रस्थ-परिच्छेद पर वेग आबंटन एकसमान है तब संवेग सुधार गुणक कितना होगा ?

(a) 0

(b) 1

(c) 2

(d) 3

**105.** V-खाँच से प्रवाह दर निम्नलिखित में से किस एक के समानुपाती है ?

(a) H

(b) $H^{\frac{1}{2}}$

(c) $H^{\frac{3}{2}}$

(d) $H^{\frac{5}{2}}$

**106.** निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है ?

वाल्वों, संयोजनों, बंकन मोड़ों, संकुचनों आदि से होने वाली लघु हानियों को सामान्यतः किसके समानुपाती निदर्शित किया जाता है ?

(a) सकल दाबोच्चता

(b) स्थैतिक दाबोच्चता

(c) वेग दाबोच्चता

(d) गतिक दाबोच्चता

**107.** निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही है ?

विक्षुब्धता की तीव्रता

(a) विक्षोभी उच्चावचन की आवृत्ति होती है ।

(b) विक्षोभी उच्चावचन की प्रचंडता होती है तथा उसका प्रमापन वेग उच्चावचन के वर्ग मूल माध्य मान द्वारा होता है ।

(c) वेग उच्चावचन के चिह्न के प्रतिलोमनों के बीच माध्य काल अंतराल होती है ।

(d) अणुओं की यादृच्छिक गति होती है ।

**108.** Which of the following represents a possible two-dimensional incompressible flow ?

(a) $u = 5x^3 + y^2;\ v = -15x^2y + 30$

(b) $u = 4x + y^3;\ v = x^2 - y^2$

(c) $u = x^2 + y;\ v = 4xy + 10$

(d) $u = xt^2;\ v = xyt + y^2$

**109.** What is the velocity profile for turbulent boundary layer on a flat surface ?

(a) $\frac{u}{u_\infty} = \sin\left(\frac{y}{\delta}\right)^{\frac{1}{7}}$

(b) $\frac{u}{u_\infty} = \left(\frac{y}{\delta}\right)^{\frac{1}{7}}$

(c) $\frac{u}{u_\infty} = 2\left(\frac{y}{\delta} - \frac{y}{8}\right)^{\frac{1}{2}}$

(d) $\frac{u}{u_\infty} = \frac{3}{2}\left(\frac{y}{\delta}\right) - \frac{1}{2}\left(\frac{y}{\delta}\right)^3$

**110.** A plate 0·5 m long is placed at zero angle of incidence and moving with 1·5 m/s. What is the maximum boundary layer thickness ?

(Assume for water at 20° C, $\Gamma = 1{\cdot}205$ kg/m$^3$, $\mu = 6$, $\gamma = 20 \times 10^{-6}$ m$^2$/s)

(a) 08·5 mm

(b) 10·7 mm

(c) 12·9 mm

(d) 14·2 mm

***Directions** : Each of the next ten (10) items consists of two statements, one labelled as the 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :*

**Codes :**

(a) Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

(b) Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

(c) A is true but R is false

(d) A is false but R is true

**111.** *Assertion (A) :* A man pushes a stationary truck to the utmost of his power but does not move it; he does no work.

*Reason (R) :* The work done necessarily implies motion.

**112.** *Assertion (A) :* Hunting of a governor is due to its poor sensitivity.

*Reason (R) :* Hunting is due to resonance condition arrived at when the frequency of fluctuations in engine speed happens to coincide with the natural frequency of oscillations of the governor.

**113.** *Assertion (A) :* In a Swiss type automatic lathe, the turret is given longitudinal feed for each tool in a specific order with suitable indexing.

*Reason (R) :* A turret is a multiple tool holder to facilitate machining with each tool by indexing without the need to change tools.

108. निम्नलिखित में से कौनसा एक संभावित द्विविमीय असंपीड्य प्रवाह को निरूपित करता है ?

(a) $u = 5x^3 + y^2;\ v = -15x^2y + 30$

(b) $u = 4x + y^3;\ v = x^2 - y^2$

(c) $u = x^2 + y;\ v = 4xy + 10$

(d) $u = xt^2;\ v = xyt + y^2$

109. किसी सपाट सतह पर विक्षुब्ध सीमांत परत के लिए वेग प्रोफाइल क्या है ?

(a) $\frac{u}{u_\infty} = \sin\left(\frac{y}{\delta}\right)^{\frac{1}{7}}$

(b) $\frac{u}{u_\infty} = \left(\frac{y}{\delta}\right)^{\frac{1}{7}}$

(c) $\frac{u}{u_\infty} = 2\left(\frac{y}{\delta} - \frac{y}{8}\right)^{\frac{1}{2}}$

(d) $\frac{u}{u_\infty} = \frac{3}{2}\left(\frac{y}{\delta}\right) - \frac{1}{2}\left(\frac{y}{\delta}\right)^3$

110. एक 0·5 m लम्बाई की प्लेट शून्य आपतन कोण पर स्थापित है तथा 1·5 m/s वेग से चल रही है । सीमांत स्तर की अधिकतम मोटाई कितनी है ?

(मान लें कि जल 20° C पर है,
$\Gamma = 1{\cdot}205\ kg/m^3;\ \mu = 6,\ \gamma = 20 \times 10^{-6}\ m^2/s$)

(a) 08·5 mm

(b) 10·7 mm

(c) 12·9 mm

(d) 14·2 mm

***निर्देश :*** *आगामी दस (10) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं । एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है । इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :*

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) A सही है, परन्तु R ग़लत है

(d) A ग़लत है, परन्तु R सही है

111. *कथन (A) :* एक आदमी किसी स्थिर ट्रक को अपनी पूरी शक्ति से धकेलता है परन्तु उसे गति नहीं दे पाता है; वह कोई कार्य सम्पन्न नहीं करता है ।

*कारण (R) :* संपन्न कार्य में गति का होना आवश्यक है ।

112. *कथन (A) :* अधिनियंत्रक का विचलन उसकी न्यून संवेद्यता के कारण होता है ।

*कारण (R) :* विचलन अनुनादी स्थिति प्राप्त होने के कारण होती है जब इंजन चाल में उच्चावचन की आवृत्ति अधिनियंत्रक के दोलन की स्वाभाविक आवृत्ति के संपाती हो जाती है ।

113. *कथन (A) :* स्विस प्ररूप वाली स्वचालित खराद में, टरेट को प्रत्येक औज़ार के लिए एक विशेष क्रम में अनुदैर्ध्य प्रभरण समुचित सूचकांकन सहित दिया जाता है ।

*कारण (R) :* टरेट एक बहुऔज़ारी धारक होता है, जो प्रत्येक औज़ार से सूचकांकन सहित मशीनन हेतु, बिना औज़ार बदले सुविधा प्रदान करता है ।

114. *Assertion (A) :* Workability is a term applied to forging, rolling and extrusion.

*Reason (R) :* These processes are sheet forming processes in which the forces applied are primarily tensile.

115. *Assertion (A) :* Indirect cost is more difficult to assess than direct cost.

*Reason (R) :* Overhead cost apportioning is approximate and time consuming.

116. *Assertion (A) :* The manufacturing cell typically reduces the material handling cost of product going through the process.

*Reason (R) :* Machines for a process are not located in sequences, one next to another.

117. *Assertion (A) :* Capital budgeting is a technique for using the resources more efficiently.

*Reason (R) :* Time value of money is to be taken into account when various options are considered.

118. *Assertion (A) :* Job shop production uses general purpose machine tools and other related equipment.

*Reason (R) :* The general purpose machine tools have lot of non-productive time during operations and thus the output results into high cost per piece.

119. *Assertion (A) :* Reducing set-up time decreases economic batch size.

*Reason (R) :* Flexibility of production increases customer satisfaction.

120. *Assertion (A) :* In turbulent flow through a commercial concrete pipe, the friction factor is practically independent of Reynolds number but depends on the surface roughness.

*Reason (R) :* In a commercial pipe, pressure drop is primarily governed by flow separation at the roughness length scales of the wall.

**114.** *कथन (A) :* सुकार्यता एक पारिभाषिक शब्द है जो फोर्ज़न, वेल्लन तथा बहिर्वेधन में प्रयुक्त होता है ।

*कारण (R) :* ये सभी प्रक्रम चादर रूपण प्रक्रम हैं जिनमें लगाए जाने वाले बल प्रमुखतः तनन बल होते हैं ।

**115.** *कथन (A) :* अप्रत्यक्ष लागत का आकलन प्रत्यक्ष लागत के आकलन की अपेक्षा अधिक कठिन होता है ।

*कारण (R) :* शिरोपरि लागत का प्रभंजन सन्निकटतः होता है तथा अधिक समय लेता है ।

**116.** *कथन (A) :* विनिर्माण प्रकोष्ठ, उत्पाद के प्रक्रमण के दौरान पदार्थ हस्तन लागत को प्ररूपतः कम करता है ।

*कारण (R) :* किसी प्रक्रम के लिए मशीनों का अवस्थापन एक के बाद दूसरे के अनुक्रम में नहीं होता है ।

**117.** *कथन (A) :* पूँजी बजटन, संसाधनों के अधिक प्रभावी उपयोग की एक प्रविधि है ।

*कारण (R) :* जब विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा हो तब धन के सामयिक मूल्य का संज्ञान लिया जाना चाहिए ।

**118.** *कथन (A) :* कृत्यक-शाला-उत्पादन में साधारण उपयोगी मशीनी औज़ारों तथा अन्य सम्बन्धित उपयंत्रों का उपयोग होता है ।

*कारण (R) :* साधारण उपयोगी मशीनी औज़ारों में प्रचालनों के दौरान अनुत्पादी समय अधिक लग जाता है तथा परिणामस्वरूप उत्पाद की प्रति अवयव लागत अधिक हो जाती है ।

**119.** *कथन (A) :* अवस्थापन अवधि का न्यूनीकरण मितव्ययी बैच आमाप को कम कर देता है ।

*कारण (R) :* उत्पादन की नम्यता ग्राहक-संतुष्टता को बढ़ाती है ।

**120.** *कथन (A) :* व्यापारिक कंक्रीट नाल में विक्षुब्ध प्रवाह होने पर घर्षण गुणक व्यावहारिक रूप में रेनॉल्ड्स संख्या से स्वतंत्र होता है परन्तु पृष्ठ रूक्षता पर निर्भर करता है ।

*कारण (R) :* व्यापारिक नाल में, दाब-पात मुख्यतः दीवार के रूक्षता लंबाई मापक्रम पर प्रवाह पृथक्करण से नियंत्रित होता है ।

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी.बी.सी. : P-DTQ-J-NFO**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

# A

# परीक्षण पुस्तिका

# यांत्रिक इंजीनियरी

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.